Regarding early completion of bridge at Lakdidahi area in Muzaffarpur, Bihar-laid

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर)**:**उत्तर बिहार की व्यापारिक राजधानी के रूप में प्रसिद्ध हमारा क्षेत्र मुजफ्फरपुर से नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र के साथ-साथ सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा एवं अररिया आदि प्रमुख शहरों से जुड़ा हुआ है। उक्त सभी जगहों से मुजफ्फरपुर आने के लिए ब्रिटिश काल का बना एक अत्यन्त पुराना पुल है**,** जो अखाराघाट पुल के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में यह पुल काफी जर्जर स्थिति में है। साथ ही भारी यातायात के कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। दरभंगा से वायुयान सेवा शुरू होने के कारण भी इस पुल पर काफी दबाव बढ़ गया है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए पिछले कुछ वर्ष पूर्व बिहार सरकार द्वारा एक अतिरिक्त पुल लकड़ीढ़ाही में निर्माण की योजना बनायी गई**,** लेकिन इसका निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। अखाड़ाघाट पुल की जर्जर अवस्था एवं भारी यातयात के दबाव से निजात दिलाने के मद्देनजर लकड़ीढ़ाही के निमर्णाधीन पुल को अति शीघ्र पूरा कराते हुए चालू कराने की अति आवश्यकता है। मैं सरकार से अनुरोध करूँगा, कि बिहार सरकार को निर्देश दिए जाए, ताकि लोगों को हो रही परेशानियों से निजात दिलाने के मद्देनजर उक्त लकड़ीढ़ाही का निर्माणाधीन पुल निर्माण पूरा कराते हुए शीघ्र चालू करा सके।